
# स्व. राम रहस्य महाविद्यालय

सम्बद्ध : दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर एवं
एन.सी.टी.ई., नई दिल्ली से मान्यता प्राप्त

सिंहपुर, चौरी-चौरा, गोरखपुर-273203





## प्रवेश निर्देशिका
## एवं आवेदन-पत्र

**स्नातक कला एवं वाणिज्य संकाय**

**स्नातक शिक्षा संकाय : द्विवर्षीय बी०एड० पाठ्यक्रम**

Mob.: 8808051769, 7521002547, 9452442989, 9889801222, 8935004671
Website : www.lrmahavidyalaya.org
E-mail : lrmahavidyalaya2013@gmail.com

# हमारे प्रेरणास्त्रोत



पूजनीय स्व0 राम रहस्य त्रिपाठी

## आवश्यक सूचना

अभ्यर्थियों को चाहिए कि वे इस विवरणिका एवं नियमावली को पढ़कर सभी तथ्यों से अवगत हो लें और तद्नुसार आवेदन-पत्र भरें। प्रवेश के पश्चात् विद्यार्थियों को इस पुस्तिका में उल्लिखित नियमों के अनुसार आचरण करना आवश्यक होगा।

सभी प्रकार के शुल्क महाविद्यालय के शुल्क-पटल पर प्राप्त किये जाते हैं, जिनके लिए छपी हुई पक्की रसीद दी जाती है। बिना रसीद के कोई शुल्क जमा न करें, न ही अनाधिकृत व्यक्ति को महाविद्यालय से सम्बन्धित कोई शुल्क दें। अन्यथा इसके लिए अभ्यर्थी स्वयं उत्तरदायी होगा।

॥ ऋते ज्ञानान्नमुक्ति ॥

### महाविद्यालय इनकी नजर में ....

ग्रामीण अंचल में प्रतिभाओं के सर्वश्रेष्ठ प्रर्दशन में निरंतर सहभागी यह संस्थान

1. प्रो. श्री श्रीप्रकाश मणि त्रिपाठी, कुलपति-इन्दिरा गाँधी जनजाति केन्द्रीय विश्वविद्यालय, अमर कंटक, मध्य प्रदेश
2. प्रो. श्री मुरली मनोहर पाठक, कुलपति-श्रीलाल बहादुर शास्त्री, केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली
3. श्री देवेन्द्रनाथ द्विवेदी, पुलिस अधीक्षक, उत्तर प्रदेश पुलिस
4. श्री कमलेश पासवान, सांसद-बाँसगाँव



# संदेश

नाथ सम्प्रदाय के प्रमुख गुरु गोरक्षनाथ एवं सन्त कबीर के पावन तपोभूमि गोरखपुर तथा देवताओं की भूमि देवरिया की सीमा पर स्व0 राम रहस्य एजूकेशनल ट्रस्ट, गोरखपुर द्वारा संचालित स्व. राम रहस्य महाविद्यालय पूर्वांचल में शिक्षा के क्षेत्र में अति पिछड़े दोनों जिलों से ज्ञान के प्रकाश को आलोकित करने के लिए निरन्तर कृत संकल्पित है।

महाविद्यालय अपने शैशवास्था में ही विशेष कर उच्च शिक्षा के क्षेत्र में नूतन प्रयोगों द्वारा गोरखपुर एवं देवरिया जनपद के विद्यार्थियों के लिये ज्ञान का महत्वपूर्ण केन्द्र बने यही अभिलाषा है। अकादमिक जगत में पूर्वांचल के दृष्टिकोण को विशिष्ट स्थान प्रदान करने का माध्यम यह महाविद्यालय बने ऐसी हम सब की प्राथमिकता है, साथ ही आदर्श केन्द्र के रूप में स्थापित हो, इसके लिए प्रबन्धतंत्र निरन्तर कटिबद्ध है।

बाजारवाद एवं नैतिक पतन के इस दौर में युवाओं में संस्कारयुक्त, मूल्य परक, व्यवसायिक एवं तकनीकी दक्षता की ओर उन्मुख करने वाले वातावरण का सृजन कर राष्ट्र सेवा के प्रति समर्पण की भावना जागृत करने का प्रयास महाविद्यालय परिवार निरन्तर कर रहा है। आधी आबादी विशेष कर महिलाओं को उच्च शिक्षा से जोड़ने एवं उनके भविष्य को सुनहरा बनाने के लिये यह महाविद्यालय नित नये कदम उठाने के लिए संकल्पित है।

महाविद्यालय के सतत् उन्नयन में प्रबन्ध तन्त्र के समस्त सम्मानीय सदस्यगण, प्राचार्य, प्राध्यापक बन्धुओं, शिक्षणेत्तर कर्मीगण एवं विश्वविद्यालय तथा शासन से सम्बन्धित समस्त विशिष्ट जन के साथ ही आस-पास क्षेत्र के समस्त सम्मानित नागरिकगण का मैं हृदय से अभिनन्दन करता हूँ तथा सभी के सुझावों का स्वागत करता हूँ।

जय हिन्द !

Grishraj tripathi

**ग्रीस राज त्रिपाठी**

**प्रबन्धक**

मो० 8935004671

9889801222



# अपनी बात

गुरू गोरक्षनाथ की साधना भूमि गोरखपुर में अमर बलिदानियों की पवित्र धरा चौरी-चौरा में स्थित स्व. राम रहस्य महाविद्यालय उच्च शिक्षा के क्षेत्र में विशिष्ट उद्देश्यों की स्थापना के लिए समर्पित है। गोरखपुर - देवरिया जनपद की सीमा पर स्थित इस सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा की अलख जगाने के सपने के साथ देवरिया जनपद के खोरमा ग्राम निवासी स्व0 दीप नारायण त्रिपाठी एवं उनकी धर्मपत्नी डॉ0 पद्मावती त्रिपाठी द्वारा राम रहस्य एजुकेशनल ट्रस्ट, गोरखपुर के माधयम से दिनांक 3 मार्च 2012 दिन सोमवार को स्व0 राम रहस्य महाविद्यालय का शिलान्यास किया गया।

''महाविद्यालय अपने स्थापनाकाल से ही इस क्षेत्र के युवाओं-युवतियों को उच्च शिक्षा से जोड़ने में निरंतर प्रयासरत है। वर्तमान में स्नातक स्तर पर कला संकाय में हिन्दी, समाजशास्त्र, राजनीति शास्त्र, शिक्षाशास्त्र, इतिहास, भूगोल एवं गृह विज्ञान, वाणिज्य संकाय के अंतर्गत बी0काम0 एवं शिक्षा संकाय के अन्तर्गत बी0एड्0 (दो वर्षीय पाठ्क्रम) की कक्षाएं योग्य, अनुभवी एवं अनुमोदित संकाय सदस्यों द्वारा हो रही है। हमारा प्रयास है कि आगामी शैक्षिक सत्रों में परास्नातक व अन्य कई रोजगारपरक पाठ्क्रम की पढ़ाई हो ।

हम सबके प्रयास से महाविद्यालय उत्कृष्ट शिक्षा पद्धति द्वारा क्षेत्र के छात्र-छात्राओं में बेहतर शिक्षा का प्रसार कर रहा है। इस पवित्र कर्तव्य के सम्यक निर्वहन के लिए प्रबंधतंत्र, समस्त प्राध्यापकगण, कर्मचारियों एवं क्षेत्र के सम्मानित नागरिकों के सहयोग एवं सुझाव की आकांक्षा के साथ मुझे पूरा विश्वास है कि महाविद्यालय निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर होता रहेगा तथा ज्ञान के आलोक से पूरे समाज को आलोकित करेगा ।

धन्यवाद !

**डॉ० अरविन्द कुमार श्रीवास्तव**
**प्राचार्य**

# संचालित पाठ्यक्रम

### स्नातक कला संकाय

| खण्ड-अ | खण्ड-ब | खण्ड-स |
|---|---|---|
| हिन्दी | इतिहास | भूगोल |
| समाजशास्त्र | शिक्षाशास्त्र | गृह विज्ञान |
| राजनीतिशास्त्र | | |

### स्नातक वाणिज्य संकाय

बी0 कॉम0 पाठ्यक्रम

### स्नातक शिक्षा संकाय

द्विवर्षीय बी0एड0 पाठ्यक्रम

**प्रवेश के नियम :**

1. प्रवेश हेतु प्रवेश निर्देशिका एवं आवेदन-पत्र महाविद्यालय कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।
2. बी0ए0/बी0कॉम0 प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश इण्टरमीडिएट परीक्षा के प्राप्तांकों के आधार पर योग्यताक्रम में होगा।
3. आवेदन-पत्र के साथ मांगे गए आवश्यक प्रपत्रों को प्रवेश के पूर्व देना अनिवार्य है।
4. विश्वविद्यालय द्वारा सीटों का निर्धारण किये जाने कारण बी0ए0 प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश सीमित संख्या पर होगा।

**बी.ए./बी.कॉम. सेमेस्टर में प्रवेश के समय निम्नलिखित प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।**

अ. स्थानान्तरण प्रमाण-पत्र (टी0सी0) की मूल प्रति।

ब. अन्तिम संस्था के प्रधानाचार्य द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण-पत्र की मूल प्रति।

स. हाईस्कूल परीक्षा के अंक-पत्र एवं प्रमाण-पत्र की छाया प्रति।

ख्र इण्टरमीडिएट परीक्षा के अंकपत्र की छाया प्रति।

य. इण्टरमीडिएट परीक्षा उत्तीर्ण करने के पश्चात् अगर छात्र-छात्रा का अन्तराल है तो अन्तराल सम्बन्धी यथोचित प्रपत्र या शपथ-पत्र/अन्तराल प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक है।

**विशेष :**

प्रवेश के पूर्व चयनित अभ्यर्थियों को अपना मूल प्रमाण-पत्र जाँच हेतु प्रस्तुत करना होगा। प्रमाण-पत्र असत्य/फर्जी पाये जाने की दशा में दोषी अभ्यर्थी के विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी तथा वह प्रवेश का हकदार नहीं होगा।

**आलोक :**

1. प्रवेश आवेदन-पत्र भरना प्रवेश की गारन्टी नहीं है।
2. जो छात्र-छात्राएं इण्टरमीडिएट परीक्षा में सम्मिलित हुए हैं, परन्तु उनका परीक्षाफल अभी घोषित नहीं हुआ है, वे भी प्रवेश आवेदन - भर सकते है।
3. प्रवेश लेने के पूर्व अर्हकारी परीक्षा उत्तीर्ण करने का प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक है।
4. असत्य सूचना देकर प्रवेश पाने वाले छात्र-छात्राओं को संज्ञान में आते ही प्रवेश निरस्त कर दिया जायेगा।
5. बिना कारण बताये महाविद्यालय प्रशासन किसी भी अभ्यर्थी का प्रवेश लेने से इन्कार कर सकता है।
6. जनपद स्तरीय खिलाड़ियों को प्रवेश 5 अंक का अधिभार अलग-अलग प्रदान किया जायेगा। इस सुविधा का लाभ उठाने के लिए प्रवेश आवेदन-पत्र के साथ आवश्यक प्रमाण-पत्र अवश्य संलग्न करें।
7. विगत सत्र के पूर्व इण्टरमीडिएट परीक्षा उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं के प्राप्तांक 5 अंको प्रतिवर्ष की दर से कटौती की जायेगी।

8. प्रवेश में शासन द्वारा निर्धारित आरक्षण के नियमों का पालन किया जायेगा।
9. किसी अन्य महाविद्यालय से बी0ए0/बी0कॉम0 भाग-एक अथवा बी0ए0 भाग-दो उत्तीर्ण छात्र/छात्राओं का अगली कक्षा में प्रवेश नही लिया जायेगा।
10. चयनित किये गये विषयों में परिवर्तन किसी भी दशा में सम्भव नहीं है।

## अनुशासनिक नियम एवं आवश्यक निर्देश

महाविद्यालय में विद्यार्थियों की कठिनाईयों के निराकरण एवं परिसर में अनुशासन बनाये रखने के लिए नियन्ता मण्डल का का गठन किया जाता है जिसका प्रमुख नियंता होता है। जो सत्र पर्यन्त विद्यार्थियों के कल्याण एवं उसकी सहायता के लिए तत्पर रहता है। महाविद्यालय का प्रत्येक विद्यार्थी महाविद्यालय परिवार का एक जिम्मेदार सदस्य होता है। इसलिए उससे अपेक्षा की जाती है कि वह अपने क्रिया कलापों एवं आचरण के प्रति सचेष्ट रहकर महाविद्यालय के सम्मान व शैक्षिक गरिमा को बनाये रखने में तत्पर रहे।

## अनुशासनिक नियम का उल्लंघन और दण्ड विधान

जब तक विद्यार्थी महाविद्यालय परिसर में रहे उनके लिए यहाँ के अनुशासनिक नियमों का ध्यान रखना अनिवार्य है। नियमों का उल्लंघन अपराध की श्रेणी में आता है।

**(क) सामान्य अपराध**

1. महाविद्यालय परिसर में पान, गुटखा खाना थूकना या धूम्रपान करना।
2. अध्ययन कक्ष में कुर्सी-मेज, पंखे, बल्ब तथा महाविद्यालय के सम्पत्ति को क्षतिग्रस्त करना ।
3. महाविद्यालय परिसर, बरामदों, अध्ययन कक्षा आदि में मोबाइल पर गाना सुनना या सुनाना बात करना या उसके कैमरे का प्रयोग करना ।
4. महाविद्यालय प्रशासन द्वारा साईकिल/मोटर साईकिल रखने के लिए निर्धारित स्टैण्ड के अतिरिक्त अन्यत्र दो पहिया वाहन खड़ा करना ।

**(ख) गम्भीर अपराध**

1. महाविद्यालय के किसी भी सदस्य के प्रति अशिष्ट और उदण्डता पूर्ण व्यवहार करना ।
2. विद्यार्थियों द्वारा एक दूसरे के प्रति अभद्र व्यवहार करना
3. नियंता मण्डल के किसी सदस्य, अध्यापक या आंतरिक प्रशासन से सम्बन्धित व्यक्तियों द्वारा पूछे जाने पर अपना नाम, पता बताने से इंकार करना अथवा परिचय पत्र माँगने पर न दिखाना अथवा गलत नाम पता देना ।
4. महाविद्यालय परिसर के भीतर या उसके बाहर अमर्यादित व्यवहार करना ।
5. कक्षाओं और प्रयोगशालाओं के भीतर या उनके बाहर प्रदर्शन, महाविद्यालय के क्रियाकलाप में अवरोध उत्पन्न करना ।

## दण्ड विधान

यदि कोई छात्र दुर्व्यवहार, ऊँची आवाज में बात करने, कार्य विमुखता, हड़ताल या महाविद्यालय कार्य वाधा पहुँचाने को दोषी पाया जाता है तो अपराध की प्रकृति और गम्भीरता के अनुरूप निम्न दण्डों में से एक या अधिक प्रकार के दण्डों में से एक या अधिक प्रकार के दण्डों का भागी हो सकता है।

अ) चेतावनी
ब) अर्थदण्ड
स) वित्तीय तथा अन्य सुविधाओं से वंचित किया जाना ।
द) निलम्बन
य) चरित्र प्रमाण पत्र का निरस्तीकरण तथा चरित्र प्रमाण पत्र न दिया जाना ।
र) निष्कासन

## परिचय-पत्र

प्रत्येक छात्र-छात्रा का कर्तव्य है कि वह प्रवेश के तत्काल बाद अपना परिचय-पत्र बनवा लें। परिचय-पत्र सदैव साथ रखना आवश्यक है। किसी भी जिम्मेदार व्यक्ति द्वारा मांगे जाने पर

परिचय - पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक है। परिचय-पत्र खो जाने पर निर्धारित शुल्क देकर दूसरा परिचय-पत्र बनवाना आवश्यक होगा।

## उपस्थिति

विश्वविद्यालय की परीक्षा सम्मिलिति होने के लिए प्रत्येक विषय में 75 प्रतिशत उपस्थिति आवश्यक है। उपस्थिति का प्रतिशत कम होने पर परीक्षा में बैठने से रोक दिया जायेगा। अत: छात्र-छात्राओं तथा उनके अभिभावकों का यह दायित्व है कि वे उपस्थिति प्रतिशत की जानकारी समय-समय पर करते रहें।

## पुस्तकालय एवं वाचनालय

1. प्रत्येक छात्र-छात्रा को पुस्तकालय से नियमानुसार पुस्तकें उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है।
2. पढ़ने के उपरान्त पुस्तकों को सुरक्षित रूप से निर्धारित समय पर वापस करना अनिवार्य है।
3. पुस्तकें क्षतिग्रस्त होने अथवा गायब हो जाने पर उनके मूल्य का तीन गुना धन जमा करना होगा।
4. महाविद्यालय दैनिक, साप्ताहिक, मासिक एवं वार्षिक पत्रिकाओं सें समृद्ध एक वाचनालय है, जिसका प्रयोग शिक्षक एवं विद्यार्थी सभी करते हैं।

## खेल-कूद

महाविद्यालय में खेलकूद की समुचित व्यवस्था है जिससे सुव्यवस्थित संचालन के लिए क्रीड़ा परिषद् का गठन किया गया है प्रत्येक खेल के लिए प्राचार्य द्वारा नामित प्रभारी शिक्षकों की एक समिति होती है जो सम्बन्धित खेल का संचालन कराती है।

विशेष कौशल प्रदर्शित करने वाले विद्यार्थियों को महाविद्यालय की ओर से प्रमाण पत्र तथा पुरस्कार भी प्रदान किये जाते हैं। अच्छे खिलाड़ियों के लिए और भी कई प्रकार की प्रोत्साहन परक सुविधायें आवश्यकतानुसार उपलब्ध है।

## राष्ट्रीय सेवा योजना

महाविद्यालय में NSS के विद्यार्थियों के लिए एक इकाईयाँ संचालित है जिसके माध्यम से विभिन्न गतिविधियां जैसे जन साक्षरता, प्रौढ़ शिक्षा, समाज सेवा, शारीरिक श्रम के प्रति एक गौरव भाव राष्ट्रीय महत्व के विषयों पर जन जागरण आदि रचनात्मक कार्यों का संचालन सुनिश्चित किया जाता है। इस कार्यक्रम में निर्धारित कार्यविधि पूर्ण कर लेने पर विद्यार्थियों को अन्य कक्षाओं में प्रवेश तथा राजकीय सेवाओं में वरियता प्रदान की जाती है। विद्यार्थियों को चाहिए कि वे सम्बन्धित अधिकारीगण से सम्पर्क कर NSS का सदस्यता फार्म प्राप्त कर उसे पूरित करके सदस्यता सुनिश्चित कर लें।

## रोवर्स रेंजर

महाविद्यालय में रोवर्स रेंजर के द्वारा छात्र-छात्राओं को समाज सेवा, देश को आजाद कराने में वीर गति को प्राप्त देश भक्तों के विषय में, जन साक्षरता, स्वच्छता, शारीरिक श्रम द्वारा उन्हें ज्ञान प्राप्त कराना ही मुख्य उद्देश्य है। इसे पूर्ण कर लेने पर विद्यार्थियों को अन्य कक्षाओं में प्रवेश तथा राजकीय सेवाओं में वरियता प्रदान की जाती है। रोवर्स रेंजर का सदस्यता फार्म अधिकारीगण से प्राप्त कर सकते है।

## छात्रवृत्तियाँ

शासन एवं महाविद्यालय के माध्यम से कई प्रकार की छात्रवृत्तियां छात्र-छात्राओं को प्रदान की जाती है, जिसके लिए निर्धारित तिथि तक आवेदन पत्र महाविद्यालय के कार्यालय में जमा करना होगा। निर्धारित तिथि के उपरान्त प्रार्थना पर विचार सम्भव नहीं हो पाता है और योग्य छात्र-छात्रा भी छात्रवृत्ति सें वंचित रह जाते है। इस सम्बन्ध में आवश्यक सूचनाएं कार्यालय द्वारा समय-समय पर प्रसारित की जाती है तथा उसकी प्रतिलिपि कार्यालय सूचना पट्ट पर चस्पा कर दी जाती है। छात्र-छात्राओं को चाहिए कि वे कार्यालय में ऑनलाईन द्वारा भरा हुआ छात्रवृत्ति तथा आर्थिक सहायता सम्बन्धी आवेदन समय से जमा कर दें।

### छात्रवृत्ति आवेदन हेतु आवश्यकता प्रपत्र

**(क) सामान्य वर्ग के छात्र-छात्राओं के लिए -**

1. आय प्रमाण की मूल प्रति ।
2. हाईस्कूल के प्रमाण-पत्र की छायाप्रति ।

3. बैंक खाता संख्या एवं IFSC Code और बैंक खाता आधार से लिंक होना चाहिए।
4. आय प्रमाण-पत्र की इण्टरनेट से प्रिंटआउट एवं सम्बन्धित जारीकर्ता अधिकारी द्वारा अग्रसारित होना चाहिए।
5. आधार कार्ड की छाया प्रति।
6. अधिवास प्रमाण-पत्र की प्रमाणित प्रति ।
7. छात्रवृत्ति के लिए 75% कक्षा मे उपस्थिति अनिवार्य है । आधार से बायोमैट्रिक द्वारा उपस्थिति दर्ज होगी ।

### (ख) पिछड़ी तथा अनुसूचित जाति/जनजाति के छात्र / छात्राओं हेतु

1. आय प्रमाण की मूल प्रति ।
2. हाईस्कूल के प्रमाण-पत्र की छायाप्रति ।
3. जाति प्रमाण-पत्र की छाया प्रति ।
4. बैंक खाता संख्या एवं IFSC Code और बैंक खाता आधार से लिंक होना चाहिए ।
5. आय प्रमाण-पत्र की इण्टरनेट द्वारा प्रिंट एवं जारीकर्ता अधिकारी द्वारा अग्रसारित होना चाहिए।
6. आधार कार्ड की छायाप्रति ।
7. अधिवास प्रमाण-पत्र की प्रमाणित प्रति ।

## परामर्श सेल

महाविद्यालय में विद्यार्थियों के शैक्षिक व्यवसायिक तथा व्यक्तिगत समस्याओं के निवारण के लिए परामर्श सेल की स्थापना की गई है। विद्यार्थिगण अपनी समस्याओं के समाधान के लिए इसके संयोजक से सम्पर्क कर सकते हैं तथा अपनी समस्याओं और कठिनाईयों के निवारण हेतु छात्र-छात्रायें प्राचार्य से भी व्यक्तिगत सम्पर्क कर सकते है।

## शिक्षक अभिभावक संघ

महाविद्यालय में शिक्षक अभिभावक संघ का गठन इस उद्देश्य से किया गया है कि अभिभावकगण अपने पाल्यों के शिक्षा से सम्बंधित किसी भी कमीयों को अपने सुझाव से प्रभारी को अवगत करा सकें। इसके लिए वर्ष में दो बार बैठक निर्धारित की गई है।

## एंटी रैगिंग कमेटी

महाविद्यालय परिसर तथा परिसर के बाहर किसी भी प्रकार उत्पीड़न पूर्णतः निषिद्ध है। महाविद्यालय के किसी छात्र/छात्रा के प्रति मारपीट, अशिष्ट व्यवहार, प्रताड़ना, अभद्रता, टिप्पणी, गाली-गलौज, जाति सूचक टिप्पणी आदि में व्यक्तिगत या सामूहिक रूप से सँलिप्त पाये जाने पर उनके विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी ।

## वाहन स्टैण्ड

समस्त छात्र-छात्रा अपने वाहन स्टैण्ड पर ही रखे तथा उनमें ताला अवश्य लगायें। बरामदे में तथा इधर-उधर वाहन रखना अनुशासनहीनता होगी और गायब होने पर महाविद्यालय उत्तरदायी नहीं होगा।

## वाहन सुविधा

महाविद्यालय में आवागमन के लिए छात्र-छात्राओं के लिए वाहन की सुविधा उपलब्ध है।

## चिकित्सा व्यवस्था

महाविद्यालय में आकस्मिक रूप से बीमार हो जाने पर, दुर्घटनाग्रस्त हो जाने पर, महाविद्यालय की ओर से अधिकृत योग्य चिकित्सा कराने तथा दवायें सुलभ कराने की व्यवस्था है।

## प्रतियोगी परीक्षा

प्रतियोगी परीक्षा हेतु पुस्तकालय में **NCRT** प्रतियोगिता दर्पण एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षा की पुस्तकें उपलब्ध ।

## प्रोत्साहन धनराशि

**महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं का चयन सरकारी पदों पर होता है तो ऐसे चयनित छात्र/छात्राओं को महाविद्यालय द्वारा प्रोत्साहन राशि प्रदान की जायेगी ।**

## संगोष्ठी एवं कार्यशाला

महाविद्यालय में समय-समय पर स्नातक कला संकाय के

विभिन्न विषयों पर संगोष्ठी एवं कार्यशाला का आयोजन किया जाता है जिसमें सभी छात्र/छात्रा बढ़-चढ़ की हिस्सा लेते हैं।

## कम्प्यूटर शिक्षा

सूचना प्रौद्योगिकी एवं तकनीक के महत्व को देखते हुए महाविद्यालय में कम्प्यूटर प्रशिक्षण की भी सुविधा है। सुव्यस्थित, गहन एवं उच्च कोटि की आधुनिक कम्प्यूटर प्रशिक्षण की यह सुविधा इस क्षेत्र में मात्र इसी महाविद्यालय में सुलभ है। इससे महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को रोजगारपरक शिक्षा उपलब्ध होती है। इच्छुक छात्र-छात्रा कम्प्यूटर प्रशिक्षण हेतु कम्प्यूटर प्रभारी से प्रवेश के पश्चात् यथाशीघ्र सम्पर्क कर अपना नामांकन करायें।

महाविद्यालय में समय-समय पर प्रतियोगी परीक्षाएं ली जाती है। जिससे विद्यार्थियों में ज्ञान का और विकास हो सके ।

## पाठ्य-सहगामी एवं शिक्षणेत्तर क्रिया-कलाप सम्बन्धी प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार

1. विश्वविद्यालय परीक्षाओं के अन्तर्गत महाविद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर ।
2. भाषण, आशु व्याख्यान, रंगोली, निबन्ध एवं वाद विवाद प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ/उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने पर ।
3. विभिन्न प्रकार के खेलों में उच्च स्थान प्राप्त करने पर ।
4. किसी अति विशिष्ट उपलब्धि पर ।

## प्रमाणपत्रों के लिए आवेदन-पत्र

सामान्यत: महाविद्यालय से किसी प्रकार का प्रमाण पत्र प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को चाहिए कि उसे जिस तिथि को प्रमाण पत्र चाहिए उससे दो दिन पूर्व सम्बंधित प्रमाण पत्र के लिए आवेदन करें।

(क) स्थानान्तरण प्रमाण-पत्र के लिए निर्धारित शुल्क देय है। साथ ही सम्बंधित विभागों/पुस्तकालय अदेयर्ता प्रमाण-पत्र संलग्न करना आवश्यक है।

**( ख ) द्वितीय प्रतिलिपि हेतु :-**

1. चरित्र प्रमाण पत्र की द्वितीय प्रति प्राप्त करने के लिए निर्धारित शुल्क जमा करना होगा ।
2. स्थानान्तरण प्रमाण-पत्र की द्वितीय प्रति प्राप्त करने के लिए नोटरी शपथ पत्र देना अनिवार्य है तथा निर्धारित शुल्क जमा करना होगा ।
3. अंक-पत्र की द्वितीय प्रति प्राप्त करने के लिए वि0वि0 द्वारा निर्धारित शुल्क जमा कर वि0वि0 से प्राप्त किया जा सकता है।

## उत्सव/सभाएँ एवं सांस्कृतिक क्रियाकलाप

महाविद्यालय में मुख्य रूप से निम्नलिखित अवसरों पर उत्सव, सभाएँ एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों को आयोजित किया जाता है।

1. स्वतंत्रता दिवस - 15 अगस्त
2. शिक्षक दिवस - 5 सितम्बर
3. गाँधी जयन्ती - 2 अक्टूबर
4. गणतंत्र दिवस - 26 जनवरी
5. भाषण प्रतियोगिता
7. सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता
8. प्रश्न मंच प्रतियोगिता
9. निबन्ध प्रतियोगिता
10. कौशल विकास
11. संस्थापक समारोह दिनांक 25 फरवरी से 3 मार्च तक

## महाविद्यालय यूनिफार्म

**बी.ए., बी.कॉम छात्रों के लिए**

सफेद शर्ट एवं ब्लैक पैंट

**बी.ए., बी.कॉम छात्राओं के लिए**

केसरिया रंग का सलवार एवं कुर्ता

**बी.एड् छात्राध्यापकों के लिए**

सफेद शर्ट एवं ब्लैक पैंट

**बी.एड् छात्राध्यापिकाओं के लिए**

सफेद साड़ी लाल बार्डर एवं लाल ब्लाउज




राष्ट्रीय सेवा योजना


स्व0 राम रहस्य महाविद्यालय




हिन्दी दिवस के अवसर पर
विशेष व्याख्यान


राष्ट्रीय सेवा योजना
04 फरवरी, 2021


राष्ट्रीय सेवा योजना
सप्त दिवसीय विशेष शिविर


राम रहस्य महाविद्यालय
राष्ट्रीय सेवा योजना
मतदाता जागरूकता अभियान 2021

# स्व. राम रहस्य महाविद्यालय

(सम्बद्ध : दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर)

सिंहपुर, हरैया, चौरी-चौरा, गोरखपुर

क्रमांक : 748






स्व० राम रहस्य महाविद्यालय
सिंहपुर, चौरी-चौरा, गोरखपुर - 273303
शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास, गोरक्षप्रान्त
द्वारा आयोजित
मातृभाषा सप्ताह के अन्तर्गत संगोष्ठी
विषय :


राम रहस्य महाविद्यालय
राष्ट्रीय सेवा योजना









चौरी-चौरा शताब्दी महोत्सव
2021




के अवसर पर
बेटी बचाओ
बेटी पढ़ाओ

# [illegible]रे संस्थापक



पूजनीय स्व0 दीपनारायण त्रिपाठी



आदरणीया डॉ0 पद्मावती त्रिपाठी

जिस शिक्षा से हम अपना जीवन
निर्माण कर सकें, मनुष्य बन सकें,
चरित्र गठन कर सकें और विचारों का
सामंजस्य कर सके। वही
वास्तव में शिक्षा कहलाने योग्य है।

– स्वामी विवेकानन्द




**LATE RAM RAHASYA MAHAVIDHYALAYA**

Singhpur, Chauri-Chaura, Gorakhpur - 273203

Mob.: 8808051769, 7521002547, 9452442989, 9889801222, 8935004671

Website : www.lrmahavidyalaya.org

E-mail : lrmahavidyalaya2013@gmail.com